# भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय

लालूनगर, मधेपुरा – 852113 (बिहार)

पत्रांकः..............................

दिनांकः..............................

## अधिसूचना

सरकार के उप सचिव, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक– 14/ए.एफ.–24/2024–1435, दिनांक– 03.10.2024 के आलोक में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत परिनियम 1098 दिनांक– 19.04.1986, पत्रांक– 3196 दिनांक– 14.12.2017 एवं पत्रांक– 3074 दिनांक– 25.10.2019 के आलोक में राज्य सरकार द्वारा ईस्ट एन वेस्ट डिग्री कॉलेज, पटुआहा, सहरसा को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के निम्नांकत विषयों में शैक्षणिक सत्र 2024–28 एवं 2025–29 के लिए स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक अस्थायी संबंधन की सहमति महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए वांछित यथा आवश्यक आधारभूत संरचना, मानवबल आदि के संबंध में विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देश के अनुरूप अद्यतन सुधार कर लिए जाने की शर्त्त के साथ प्रदान की गयी है :–

| क्र. सं. | संकाय | विषय |
|---|---|---|
| 01. | कला संकाय | हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, मैथिली, संस्कृत, दर्शनशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, संगीत, श्रम एवं समाज कल्याण, सांख्यिकी, एवं ड्रामा (कुल– 18 विषयों में) |
| 02. | विज्ञान संकाय | भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, जन्तु विज्ञान एवं गणित (कुल– 05 विषयों में) |
| 03. | वाणिज्य संकाय | सभी अनिवार्य विषयों में। |

महाविद्यालय द्वारा संदर्भित शर्त्तों/प्रावधानों/प्रक्रियाओं का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा संबंधन वापस लिए जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सकती है।

माननीय कुलपति के आदेश से

ह0/–

**कुलसचिव**

**ज्ञापांक**–G.S.(I/C-Sc.-343/23)-1104/24 **दिनांक**–24/10/2024

**प्रतिलिपि प्रेषित**– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

01. अध्यक्ष/सचिव/प्रधानाचार्य, ईस्ट एन वेस्ट डिग्री कॉलेज, पटुआहा, सहरसा।
02. संयुक्त सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार राजभवन, पटना।
03. सचिव/निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना।
04. सभी पदाधिकारी/प्रशाखा/कोषांग, भू. ना. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।
05. कुलपति के निजी सहायक/कुलसचिव के आशुलिपिक ग्रेड-I, भू. ना. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।

a.k.Singh 24/10/24

**कुलसचिव**

VK Singh 24/10/24